बरेली, रविवार
1 फरवरी, 2026
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 7.00
पृष्ठ 16+4+4=24

दैनिक जागरण



# खिताबी मुकाबले में एसआरएमएस ने आइके नेक्स्ट जेन को हराया

**जागरण संवाददाता, बरेली:** शकुंतला देवी मेमोरियल टी-20 प्राइजमनी क्रिकेट लीग का खिताब एसआरएमएस की टीम ने अपने नाम कर लिया। फाइनल मुकाबला एसआरएमएस और आइके नेक्स्ट जेन के बीच खेला गया। आइके नेक्स्ट जेन ने टास जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का निर्णय लिया।

पहले बल्लेबाजी करने उतरी एसआरएमएस की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 20 ओवर में चार विकेट के नुकसान पर 211 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। टीम के स्टार बल्लेबाज यशु प्रधान ने मात्र 33 गेंदों में 65 रनों की तूफानी अर्धशतकीय पारी खेली। उनकी इस पारी ने दर्शकों को रोमांचित कर दिया और टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी आइके नेक्स्ट जेन की टीम ने भी शानदार संघर्ष किया। आकिब अंसारी ने 75 रन और आर्यन चौधरी ने 55 रनों की बेहतरीन पारी खेली, लेकिन टीम निर्धारित लक्ष्य तक नहीं पहुंच सकी।

आखिरी ओवर में मुकाबला बेहद रोमांचक हो गया, पर एसआरएमएस ने चार रनों से जीत दर्ज कर ली। एसआरएमएस की ओर से अनुज शर्मा ने शानदार गेंदबाजी करते हुए तीन विकेट झटके और जीत में अहम भूमिका निभाई। पूरे टूर्नामेंट में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले यशु प्रधान को चार मैचों में 407 रन बनाने के लिए मैन आफ द टूर्नामेंट के पुरस्कार से नवाजा गया। पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि संयुक्त नगर आयुक्त मयंक यादव ने विजेता और उपविजेता टीमों को ट्राफी व प्राइजमनी देकर सम्मानित किया।